**प्रेस विज्ञप्ति**

**जनपद बस्ती**

**दिनांक- 27.08.2026**

**थाना कोतवाली पुलिस व यातायात पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उत्तर प्रदेश शासन का फर्जी लोगो एवं लाल-नीली बत्ती लगाकर फर्जी OSD बनकर VIP प्रोटोकॉल लेने वाले शातिर जालसाज को गिरफ्तार कर, उसके पास से सफेद रंग की INNOVA गाड़ी, 02 अदद वॉकी-टॉकी, 5 फर्जी विजिटिंग कार्ड व 4 ATM कार्ड किया गया बरामद-**

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बृजानन्द सिंह मय टीम व प्रभारी निरीक्षक यातायात कुलदीप त्रिपाठी मय टीम द्वारा दिनांक-26.08.2026 को चौकी बड़ेबन थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत बड़ेबन पुल के नीचे की जा रही संदिग्ध वाहनों /व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध सफेद रंग की INNOVA कार गाड़ी संख्या-UP32HW2225, जिस पर उत्तर प्रदेश सरकार लिखा था, जिसके छत पर लाल-नीली बत्ती जल रही थी, को रोका गया एवं कार में पीछे बैठे व्यक्ति (मोहसिन खान) ने अपना विजिटिंग कार्ड दिखाते हुए स्वयं को OSD, उत्तर प्रदेश सरकार, सचिवालय लखनऊ बताते हुए पुलिस पर रौब जमाने का प्रयास किया गया, जोकि संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस द्वारा नियमानुसार उक्त वाहन व व्यक्ति को पुलिस हिरासत में लिया गया |

**प्रतिरुपण करके बने फर्जी ओ०एस०डी० अधिकारी मोहसिन खान को पुलिस द्वारा दिनांक-26.08.2026 को हिरासत में लेकर थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0-371/2026 धारा-204, 318(4), 319(2), 336(3), 338, 340(2), 347(2) BNS व 66D IT Act पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया |**

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

**1-** मोहसिन खान पुत्र वसीम खान उम्र करीब 28 वर्ष निवासी रोडवेज के पीछे, चईयाबारी थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती, हाल पता- 51/ए दारुलशफा थाना हजरतगंज जनपद लखनऊ (उ०प्र०) |

**बरामदगी का विवरण -**

**1-** एक चार पहिया वाहन (INNOVA गाड़ी संख्या-UP32HW2225 जिस पर फर्जी उत्तर प्रदेश शासन व फर्जी लाल-नीली बत्ती लगी हुई है |

**2-** पांच फर्जी OSD विजिटिंग कार्ड, जिस पर उत्तर प्रदेश सरकार का लोगो लगा है |

**3-** दो वॉकी-टॉकी सेट (BAOFENG कंपनी), एक Apple iPhone व एक की-पैड फोन |

**4-** चार ATM कार्ड व रुपये 2,700/- नगद |

**पूछताछ का विवरण -**

अभियुक्त द्वारा पूछताछ करने पर बताया कि वह काफी समय से कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी OSD बनकर घूम रहा था | वह अपनी गाड़ी पर फर्जी उत्तर प्रदेश शासन का लोगो व लाल-नीली बत्ती लगाकर विभिन्न जनपदों व राज्यों में जाता था, जहाँ पुलिस व टोल प्लाजा पर अपना फर्जी कार्ड दिखाकर VIP प्रोटोकॉल लेकर टोल माफ करा लेता था एवं सचिवालय/ सरकारी दफ्तरों में आसानी से प्रवेश कर लेता था तथा आम जनता को अधिकारियों से काम कराने के नाम पर ठगता था |

अभियुक्त के साथ मौजूद चालक राजेश यादव पुत्र सोहन यादव निवासी लखनऊ को रुपये 15,000/- प्रतिमाह पर रखा गया था, जिससे पूछताछ व सत्यापन के उपरांत नोटिस देकर विवेचना में सहयोग करने की बात पर आवश्यक औपचारिक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर हिदायत देकर छोड़ा गया |

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

**1-** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बृजानन्द सिंह जनपद बस्ती |

**2-** प्रभारी निरीक्षक यातायात कुलदीप त्रिपाठी थाना कोतवाली जनपद बस्ती |

**3-** प्रभारी चौकी बड़ेबन उ0नि0 जितेन्द्र सिंह थाना कोतवाली जनपद बस्ती |

**4-** हे0का0 रमाकांत यादव, हे0का0 कृष्णानन्द पाण्डेय, हे0का0 अभिषेक कुमार, का0 रितिक पाण्डेय, का0 कुंज बिहारी, का0 राजू यादव थाना कोतवाली जनपद बस्ती |

**नोट-** जनपद बस्ती की पुलिस आमजन से अपील करती है कि इस तरह के फर्जीवाड़े से बचें क्योंकि बस्ती पुलिस द्वारा फर्जी अधिकारी बनकर/ फर्जी लाल-नीली बत्ती लगाकर घूमने वालों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है, जिस तरह के मामले संज्ञान में आने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी |



